तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

प्रत्येक नागरिक भारत माता की संतान : लखनलाल

4



## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 12 एवं 13 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर द्वारा 12 एवं 13 फरवरी को शासकीय मॉडल आई.टी.आई., कोनी, बिलासपुर में "संभाग स्तरीय रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी लगभग 4032 पदों पर चयन हेतु कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं संभाग स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन दोनों अनिवार्य हैं। अभ्यर्थियों को पोर्टल में उपलब्ध इच्छुक रिक्त पदों का चयन भी करना होगा। अभ्यर्थी 12 एवं 13 फरवरी को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं।

### उद्यमिता जागरूगता शिविर कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के युवक-युवतियां/उद्यमियों के लिए स्वयं का सेवा व्यवसाय/उद्यम स्थापना के लिए विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को ग्राम पंचायत केराझरिया, विकासखण्ड-पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा के प्रबंधक एवं पीएमएफएमई के डीआरपी द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए योजना के तहत उपलब्ध होने वाले सब्सिडी, ऋण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### पांच कुंडिय मानस यज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ 19 से

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार, सराई सिंगार व रेंकी के समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से रेंकी चौक मेला स्थल हरदीबाजार में पंच कुंडली मानस यज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 फरवरी को कलश शोभा यात्रा से कथा आरंभ होकर 28 फरवरी को पूर्णाहुति, चढ़ोत्तरी, सहस्त्र धारा प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। यज्ञाचार्य पं मुकेश कुमार तिवारी शास्त्री घिरधौना बिलासपुर कथावाचक परम-पूज्य पं त्रिभुवन महराज के कृपापात्र लोकेश मिश्रा सिद्धी विनायक,फिंगेश्वर बरुला वाले के श्रीमुख से कथा श्रवण कराया जायेगा। यज्ञ कार्यक्रम प्रत्येक दिन प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं श्री राम कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

### महिलाओं को सिलाई के लिए कर रहे हैं प्रशिक्षित

**कोरबा।** वनांचल क्षेत्र में खासतौर पर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में बसने वाले आदिवासी परिवारों की दशा और दिशा बदलने के लिए और उनके आर्थिक आय में वृद्धि करने के लिए वन विभाग द्वारा सिलाई मशीन का प्रशिक्षण महिलाओं को देने की दिशा पर पहल की है। बताया जाता है कि वन विभाग द्वारा महिलाओं को सिलाई के लिए जहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर महिलाओं को सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत की पहल पर एतमानगर वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हो बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र गुरसिया के रावणभाटा क्षेत्र में निवासरत 15 महिलाओं की टीम तैयार की गई है। महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा पर पहल करते हुए इन महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही इन महिलाओं को सिलाई मशीन भी उपलब्ध कराया गया है।

# डिस्पैच बढ़ाने के लिए कोयले की कीमत घटा सकती हैं कोल कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## कोलकाता में आयोजित सीएमडी मीट में हुई चर्चा

**खास बात**

- कोल इंडिया प्रबंधन ने मुनाफे को देखते हुए अपने स्तर पर निर्णय के दिए निर्देश



अलग खबर

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों ने कोयले की कीमत में कमी करने पर विचार शुरू कर दिया है। डिस्पैच बढ़ाने के लिए कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां कोयले की कीमत में कुछ कमी कर सकती हैं। कोलकाता में दो दिन पहले सीएमडी मीट में इस बात पर चर्चा हुई। अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी को सलाह दी गई है कि आवश्यकतानुसार मुनाफे को देखते हुए अपने स्तर से निर्णय ले सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल ईसीएल, बीसीसीएल और सीसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। संकेत यहां तक दिया गया कि कई पावर कंपनियां ऐसी हैं जो फ्यूल सप्लाई एग्रीमेंट के अनुसार कोयला नहीं उठा रहीं हैं। इसकी वजह कैप्टिव और कॉमर्शियल माइंस से कोयले की उपलब्धता है। कई पावर प्लांटों को कैप्टिव व कॉमर्शियल खदानों से आसानी से कोयला उपलब्ध हो रहा है। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों को कोयले की गुणवत्ता पर जोर देने को कहा गया है। हाल के महीनों में पावर प्लांटों ने कोयले की गुणवत्ता ठीक नहीं होने का आरोप लगा कोयला लेने से इंकार कर दिया है। पावर प्लांट के भरोसे नहीं रहे बीसीसीएल बैठक में बीसीसीएल के मुद्दे पर भी गहन मंथन हुआ। बीसीसीएल को वॉश कोल का उत्पादन बढ़ाने को कहा गया है यानि बीसीसीएल सिर्फ पावर प्लांटों के भरोसे नहीं रहे। बीसीसीएल में कोकिंग कोल उपलब्ध है। कोकिंग कोल को वाशरी में भेज स्टील सेक्टर को ज्यादा से ज्यादा वॉश कोल की आपूर्ति करे। आनेवाले दिनों में बीसीसीएल को स्टील सेक्टर के कंज्यूमर पर फोकस करने की जरूरत है। ईसीएल ने 33.67 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया है। पिछले साल की 4.15 प्रतिशत नकारात्मक वृद्ध दर है। इसी तरह बीसीसीएल ने 25.85 मिलियन टन डिस्पैच किया है। बीसीसीएल की डिस्पैच वृद्धि दर 8.92 प्रतिशत निगेटिव है। सीसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक 63.19 मिलियन टन के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक 53.25 मिलियन टन ही कोयले का डिस्पैच कर सकता है। निगेटिव ग्रोथ सीसीएल का 15.74 प्रतिशत है। एनसीएल और ⏭ शेष पेज 3 पर

## गूंजी शहनाई, 260 जोड़ों ने थामा जीवनभर का साथ

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह कमजोर वर्गों को संबल देने का सशक्त माध्यम : लखन



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री श्री देवांगन, विधायक श्री पटेल, महापौर व अन्य।



वैवाहिक परंपरा का निर्वहन करते जोड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिला सामाजिक समरसता, संवेदनशील शासन और समावेशी विकास का साक्षी बना। जिला मुख्यालय स्थित सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में जिले के 260 जोड़ों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं सफल दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानपूर्वक सम्पन्न कराने की दिशा में राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के उद्योग, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समानता, बेटियों के सम्मान और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को संबल देने का सशक्त माध्यम है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शासन का निरंतर प्रयास है कि योजनाओं ⏭ शेष पेज 3 पर

### प्रत्येक नववधू को मिली 35 हजार की सहायता राशि





सामूहिक विवाह समारोह में कुल 260 नवविवाहित जोड़ों को विवाह सम्पन्न होने के पश्चात 35-35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा नवदंपत्तियों को सहायता राशि का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही उन्हें प्रणाम पत्र तथा विवाह की स्मृति स्वरूप फोटोग्राफ भी प्रदान की गई। योजना के तहत प्रत्येक नववधु को कुल 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। 35 हजार रूपये का चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट सीधे कन्या को दिया जाता है, जबकि 7 हजार रूपये वर-वधु के परिधान एवं श्रृंगार सामग्री तथा 8 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते है। इस योजना का लाभ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अथवा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के पात्र परिवारों को दिया जाता है।

### दिव्यांगजन एवं पीवीटीजी भी बंधे परिणय सूत्र में

इस सामूहिक विवाह समारोह में सामाजिक समावेशिता की प्रेरक झलक देखने को मिली। समारोह में 2 दिव्यांगजन एवं 2 विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) के वर-वधू भी शामिल हुए, जिन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ परिणय सूत्र में बंधकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत निर्धारित समस्त लाभ प्राप्त किए।

# पति पत्नी ने मिलकर की लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन के बदले लाखों रुपए लेने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की गई थी मामले की शिकायत पर पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

चौकी मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत सफाई कामगार मोहल्ला मुड़ापार निवासी सिकंदर उसरवर्षा पिता स्व. रामपाल ने चौकी रजगामार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 नवंबर 2023 को हनुमान यादव पिता स्व मुन्नी लाल यादव निवासी शांति नगर रजगामार के साथ सिकंदर के साथ मलबा बिक्री इकरारनामा 22 नवंबर 2023 को निष्पादित हुआ था। जिसके बाद हनुमान यादव को रिस्दी चौक स्थित मलबा युक्त मकान क्रमांक 117 को 5 लाख रूपये में देना था। जिसका रकम 3 लाख रूपये सिंकदर ने नगद तथा 2 लाख रूपये व इसकी मां चन्द्रा बाई के एसबीआई मानिकपुर बैंक के खाता से 2 लाख रूपये हनुमान यादव की पत्नि अनिता यादव के एकाउण्ट में ट्रांसफर किया था। इसके अलावा हनुमान यादव ने सिकंदर को ग्राम केसला हल्का नंबर 38 राजस्व निगम मण्डल पसरखेत में स्थित अलग अलग खाते की भूमि 4 एकड़ 85 डिसमिल जमीन विभिन्न खातेदारों से सिकंदर से इकरारनामा हुआ है जिसमें से 1 एकड़ जमीन को इसे 5 लाख 5 हजार रूपये में बेचूंगा बोला था जिसका भूमि विक्रय इकरारनामा तैयार किया गया तथा बतौर एडवांस 50 हजार रूपये नगद तथा 1 लाख 50 हजार रूपये सिकंदर की पत्नी ज्योति उसरवर्षा के खाता से चेक क्रमांक 153465 के माध्यम से हनुमान प्रसाद यादव की पत्नि अनिता यादव के एकाउण्ट में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद भी आरोपी हनुमान प्रसाद यादव के द्वारा सिकंदर को ना ही मकान मलबा दिया गया और ना ही 1 एकड़ जमीन का रजिस्ट्री कराया गया। इस प्रकार हनुमान प्रसाद यादव एवं उसकी पत्नि अनिता यादव के द्वारा मिली भगत कर छलपूर्वक 5 लाख रूपये एवं जमीन बिक्री के नाम से एडवांस रकम 2 लाख रूपये का धोखाधड़ी किया गया है। मामले में पुलिस ने हनुमान प्रसाद यादव और उसकी पत्नी अनीता यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

### फिल्म का विरोध किया महिलाओं ने

**कोरबा।** रिलीज होने जा रही फिल्म घूसखोर पंडित फिल्म के खिलाफ दर्री में ब्रह्म समाज की महिला एकत्र होकर फिल्म के शीर्षक और संवादों को आपत्तिजनक बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। नारेबाजी की और फिल्म को तत्काल प्रभाव से बैन करने की मांग की गई। आर्यावर्त समाज के महिलाओं ने कहा कि साजिश के तहत यह फिल्म बनाई गई है ताकि ब्राह्मणों का अपमान किया जा सके। फिल्म के कंटेंट से एक पूरे समाज को बदनाम करने की कोशिश की गई है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# दो सून मकानों में चोरों का धावा, हजारों का माल मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों के दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर नगदी रकम सहित सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली है। दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- पहली घटना दर्री थाना तो दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र का

पहली घटना दर्री थाना क्षेत्र में घटित हुई है। नवागांव सीपत बिलासपुर निवासी अविनाश कुमार रजक पिता स्व विशाल रजक उम्र 45 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह दर्री थाना क्षेत्र के सीएसईबी कालोनी एफ. टाईप क्वाटर नंबर 905 में रहता है और पावर सिटी के मेश में खाना बनाने का काम करता है। 4 फरवरी की रात लगभग 12 बजे अपने परिवार के साथ अपने भतीजे की शादी में शामिल होने ग्राम नवागांव गया था और घर में ताला लगाकर चाबी अपने दोस्त अनिल सारथी को दिया था। 9 फरवरी को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने घर आया तो देखा कि घर के दरवाजा के कुंडी को कोई अज्ञात चोर काटकर घर के अंदर सामान एक नग गैस चुल्हा, एक नग इंडेन गैस सिलेंडर, एक नग सिलिंग पंखा, 4 कट्टी चावल, पुराना नया कपड़ा सहित जेवरात कीमती करीबन 20 हजार रुपए को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरेली निवासी कुमारी पुष्पा बरेठ उम्र 32 साल पिता स्व मुरितराम बरेठ जो बीईओ आफिस पाली में डाटा एंट्री आपरेटर है और शिक्षा विभाग पाली मंगल भवन पाली के पास सरकारी आवास में रहती है। प्रतिदिन की भांति 9 फरवरी को बाद शाम 5.45 बजे लगभग ड्यूटी से अपने शासकीय आवास मंगल भवन के बगल पाली पहूंची तो देखी तो इसके घर का दरवाजा टूटा हुआ था, अन्दर अलमारी में रखे नगद 12 हजार रूपये, 3 नग सोने का फुल्ली, एक नग चांदी का चैन, 1 जोडी सोने का कान की बाली को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

# प्रधानमंत्री आवास में फर्जी जियो टैग से निकाली जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

पीएम आवास निर्माण के दौरान फर्जी जियो टैग कर राशि आहरित करने का मामला जनपद पंचायत करतला के ग्राम बेहरचुआं और रामपुर का सामने आया है। जबकि आवास निर्माण की मॉनिटरिंग जनपद स्तर के अधिकारियों के अलावा पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सभी के द्वारा सघन रुप से की जा रही है।

**खास बातें**

- करतला जनपदके बेहरचुआं व रामपुर पंचायत का मामला
- चार स्तर पर हो रही निर्माणकी मानिटरिग



हितग्राही का मकान जिसका किया गया जियो टैग।

इस मामले के अनुसार विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरचुंवा में रमिला बाई पति विजय कुमार के नाम पर सत्र 2024-2025 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ। आवास के प्रथम किश्त की राशि 1 नवंबर 2025 को 40 हजार रुपए हितग्राही के खाते में जमा हुआ। 24 जनवरी को प्रधानमंत्री आवास निर्माण मे जो फोटो जियो टैग हुआ हैं वह किसी और हितग्राही का हैं। वास्तविकता यह है कि रमिला बाई पति विजय कुमार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी आवास निर्माण नहीं किया गया है बल्कि भुगतान सिर्फ फर्जी जियो टैग करके निकाल लिया जा रहा है। हितग्राही रमिला बाई पति विजय के द्वारा अपनी माता श्रीमती प्यासो बाई पति हेतराम द्वारा बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास को अपना आवास बताया जा रहा हैं। जबकि जियो टैग में लगे दोनों हितग्राहियों का मकान अलग अलग दिख रहा हैं। सूत्रों के अनुसार श्रीमती रमिला बाई पति विजय कुमार का मकान ग्राम पंचायत रामपुर में बनाया जा रहा हैं। आवास में फर्जीवाड़ा के मामले संज्ञान में लाए जाने के बाद भी कोई जांच एवं कार्यवाही नहीं हो रही है क्योंकि सब के सब एक-दूसरे को बचाने में लग जाते है। इसलिए ग्राम पंचायत बेहरचुंवा में पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला उजागर होने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# पुत्री ने पिता पर हसिया से ताबड़तोड़ हमला कर उतारा मौत के घाट



मृतक।



घटनास्थल की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिता पुत्री के बीच किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर पुत्री ने पास में रखे हसिया से सीधा अपने पिता पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया। जिससे पिता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद पुत्री ने भागने की बजाए इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने हत्या की वारदात को अंजाम देने वाली पुत्री को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बातें**

- आपसी विवाद को लेकर पिता पुत्री में हुआ था विवाद
- हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रलिया लीममुड़ा की घटना
- 8 साल से पुत्री व मां पिता से रहते थे अलग



आरोपी

मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रलिया के लीममुड़ा की है यहां निवासरत अशोक कुमार केंवट 50 वर्ष पिता फिरतराम केंवट की पुत्री गीता कंवर अपने मां और तीन बहनों के साथ पिछले 8 वर्षों से अपने पिता अशोक कुमार केंवट से अलग रहती थी और कोरबा में अपनी मां के साथ रहकर एक निजी कंपनी में काम करती थी। बताया जाता है कि गीता कंवर सोमवार को अपना जाति निवास बनाने के लिए अपने पैतृक ग्राम रलिया पहुंची थी जहां वह दीपका तहसील भी गई हुई थी। जहां देर शाम होने की वजह से वह वापस कोरबा नहीं लौटी बल्कि अपने पिता अशोक कुमार केंवट के घर लीममुड़ा जा पहुंची। बताया जाता है कि खाना खाने को देर रात को अशोक कुमार केंवट और उसकी पुत्री गीता केंवट के मध्य किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों में हाथापाई होने लगा इतने में गीता आक्रोश में आकर अपने पिता पर हंसिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गीता ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने हत्या की सूचना हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना को दी। हत्या की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मंगलवार को पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पुत्री गीता कंवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि तखतपुर राजपुर केकती निवासी जुगरी बाई पति पुरूषोत्तम साहू 55 साल 9 फरवरी को बेलगहना मेला घूमने गई थी। मेला घूमने के बाद रात में ट्रेन से दरवाजा के पास खड़े होकर लौट रही थी। कलमीटार व नरौतीकांपा के बीच चलती ट्रेन से गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### घरवाले सोते रहे चोर ले उड़े जेवर

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रहे और चोर घर में घुसकर जेवर चोरी कर भाग गए। पुलिस चोरों के तलाश में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार छतौना इंदु इमेजिका फेस 2 निवासी साहिल राज सिंह पिता यशवंत सिंह के माता पिता 9 फरवरी को रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने बिहार चले गए। अकेले होने के कारण उन्होंने अपने दोस्त नकुल अग्रवाल, लक्की बर्मन को अपने घर सोने के लिए बुला लिया था। रात 1 बजे तक मोबाइल चलाने के बाद तीनों सो गए। रात 3.30 बजे प्यास लगने पर श्री सिंह पानी पीने के लिए उठे तो मुख्य दरवाजा खुला हुआ था और बेडरूम की आलमारी से 4 जोड़ी पायल, 12 चांदी का सिक्का, 1 चेन व 8 हजार रुपए नकद चोरी हो गए थे। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नीट यूजी : फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**बिलासपुर।** नीट यूजी 2026 की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उम्मीदवार आठ मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। दस से 12 मार्च तक आवेदनकर्ताओं को फॉर्म में हुई गलतियों को सुधारने का अवसर मिलेगा। परीक्षा तीन मई को होगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। परीक्षा अंग्रेजी व हिंदी के साथ कुल 13 भाषा में आयोजित की जाएगी। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1700 रुपए रखा गया है। ईडब्ल्यूएस और ओबीसी - एनसीएल के लिए 1600 और एससी, एसटी, निशक्तजन और थर्ड जेंडर के लिए फॉर्म फीस 1000 रुपए रखी गई है। इस साल नीट यूजी के फॉर्म फिलिंग में एनटीए ने तीन बड़े बदलाव किए हैं। नीट में इस साल से ईकेवाईसी जोड़ा है। इससे डमी कैंडिडेट्स पर रोक लगेगी।

### वेटिंग के 26 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा में प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती के लिए तीन साल पहले शुरू हुई प्रक्रिया के तहत अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। मेरिट सूची के अभ्यर्थियों में से 28 अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल नहीं हुए। इनके स्थान पर वेटिंग के 26 अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई है। यह सूची छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर तैयार की गई है। बता दें कि पूर्व में चयनित 251 अभ्यर्थियों में से कुछ अभ्यर्थियों ने लिखित पद त्याग कर दिया, कुछ काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे। इसके अलावा कुछ अभ्यर्थियों ने नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद भी ज्वाइन नहीं किया। इसकी वजह से प्रयोगशाला तकनीशियन के 28 पद रिक्त थे। इन्हीं रिक्त पदों के विरुद्ध प्रतीक्षा सूची से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थापना की जाएगी। इसके लिए 12 फरवरी को इंद्रावती भवन स्थित उच्च शिक्षा संचालनालय में काउंसलिंग होगी। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में शामिल होने के लिए सुबह 10.30 बजे अनिवार्य रूप से सभी को रिपोर्ट करना होगा। अंतिम चयन सूची में सामान्य वर्ग के 21 अभ्यर्थियों एवं भूतपूर्व सैनिक कोटे से 5 अभ्यर्थी शामिल हैं। चयन सूची में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के अभ्यर्थी हैं। आरक्षित श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ पद रिक्त रखे गए हैं।

---

उच्च शिक्षा विभाग ने डेढ़ साल पहले किया था गवर्नमेंट कालेजों का चयन

बिलासपुर के भी चार गवर्नमेंट कालेज को मिलना था स्वशासी का दर्जा

# प्रदेश के 50 गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की योजना ठंडे बस्ते में

**बिलासपुर।** आटोनामस बनाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के 50 गवर्नमेंट कालेजों का चयन भी आटोनामस के लिए किया गया था, जिसमें बिलासपुर के भी चार गवर्नमेंट कालेज शामिल थे। लेकिन शुरुआती तैयारी बैठकों के बाद मामला आगे ही नहीं बढ़ पाया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कुछ चुनिंदा गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की प्लानिंग की थी। इसके लिए सर्वे कराकर पूरे छत्तीसगढ़ से 50 गवर्नमेंट कालेजों का चयन किया था। इसमें लगभग प्रदेश के सभी जिलों के अच्छे गवर्नमेंट कालेजों को शामिल किया गया था। इसमें बिलासपुर जिले से गवर्नमेंट जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर जरहाभाठा कालेज, गवर्नमेंट माता शबरी नवीन गर्ल्स कालेज, अग्रसेन बिल्हा कालेज व मदनलाल शुक्ल कालेज सीपत का भी चयन किया गया था। असल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा के तहत धीरे-धीरे कॉलेजों को आटोनामस प्रदान करने की योजना थी। उच्च शिक्षा विभाग इस दिशा में करीब डेढ़ साल पहले प्लानिंग की थी। विभाग का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा आटोनामस कॉलेजों की संख्या बढ़ाना था। इसके लिए चयनित कालेजों के प्राचार्यो को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बुलवाया गया था और तैयारी तथा मानदंडों के संबंध में जानकारी दी गई थी। लेकिन उसके बाद से न तो इस संबंध में कालेजों की कोई मिंटिंग हुई और न ही चयनित कालेजों में कोई तैयारी शुरू हो पाई है।

### आठ गवर्नमेंट व दो प्राईवेट कालेज हैं आटोनामस

राज्य में वर्तमान में 8 गवर्नमेंट कॉलेजों व 2 प्राईवेट कालेजों को आटोनामस का दर्जा प्राप्त है। इनमें बिलासपुर के दो गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं साइंस कॉलेज एवं डीपी विप्र प्राईवेट कालेज और पामगढ़ के चैतन्य प्राईवेट कालेज हैं। इसी तरह रायपुर के तीन गवर्नमेंट कॉलेज छत्तीसगढ़ कॉलेज, गर्ल्स डिग्री कॉलेज एवं साइंस कॉलेज, अंबिकापुर के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, दुर्ग के साइंस कॉलेज और राजनांदगांव के दिग्विजय कॉलेज शामिल हैं।

### आटोनामस से बढ़ता है एकेडमिक पावर

आटोनामस कॉलेज अपने आप में पावरफुल होते हैं और सामान्य कॉलेजों की तुलना में इनके पास अधिकार अधिक होते हैं। खासकर एकेडमिक पावर आटोनामस कॉलेजों के पास बढ़ जाता है। सामान्य कॉलेजों की परीक्षा यूनिवर्सिटी कराती है और रिजल्ट मार्कशीट यूनिवर्सिटी जारी करती है। दूसरी तरफ आटोनामस कॉलेज अपने संस्थान में स्वयं परीक्षा कराते हैं और परीक्षा परिणाम भी स्वयं ही जारी करते हैं। आटोनामस कालेजों के पास सिलेबस में क्षेत्र की आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने और सिलेबस तैयार करने का अधिकार भी होता है।

### नैक से ए-ग्रेड कॉलेज की अनिवार्यता

आटोनामस कॉलेज का मुख्य आधार नैक से ए-ग्रेडिंग होता है। नैक से ए-ग्रेड प्राप्त कॉलेजों को ही आटोनामस का दर्जा प्राप्त होता है। इसीलिए नैक से ए-ग्रेड प्राप्त करने वाले निजी शिक्षण संस्थान भी आटोनामस दर्जा दिए जाने की मांग करते हैं। नैक ए-ग्रेड होने के बाद यूजीसी आटोनामस का दर्जा प्रदान करती है और संबंधित यूनिवर्सिटी द्वारा इसकी अधिसूचना जारी की जाती है। इसलिए चयनित कॉलेजों को पहले आटोनामस के मानदंडों के अनुसार नैक से ए-ग्रेडिंग के लिए तैयारी करवाना था।

### नहीं चल रही अभी कोई तैयारी

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से कुछ गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने के लिए तैयार करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए कुछ गवर्नमेंट कालेजों का चयन किया गया था, किन्तु उस दिशा में अभी कोई तैयारी नहीं चल रही है।

**-डीपी साहू,** क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग

### फिलहाल कोई प्रक्रिया चालू नहीं

गवर्नमेंट कालेजों को आटोनामस बनाने की योजना उच्च शिक्षा विभाग ने बनाई थी, जिसके तैयारी के संबंध में मिंटिंग भी हुई थी। आटोनामस बनाने के लिए प्रदेशभर से कई गवर्नमेंट कालेजों को चयन किया गया था, जिसमें हमारा गवर्नमेंट कालेज भी शामिल था। लेकिन फिलहाल इस संबंध में कोई प्रक्रिया नहीं चल रही है।

**-एसएल निराला,** प्राचार्य, शा. जेपी वर्मा कालेज

---

एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन वाले 30 हजार किसान भी शामिल

# 62 हजार आयकर दाताओं ने बनाया बीपीएल कार्ड, जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारी भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में 62 हजार 813 आयकरदाताओं ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा का राशनकार्ड बना लिया है। यह लोग पिछले करीब तीन सालों से राशन का उठाव भी हर महीने कर रहे हैं। बिलासपुर में इनकी संख्या 6074 तो रायपुर में 10361 है। इसके अलावा जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारियों ने भी बीपीएल राशनकार्ड बनवाया है। इतना ही नहीं प्रदेश में 29 लाख 83 हजार 738 ऐसे किसान हैं जिनके पास एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन हैं, इन्होंने भी बीपीएल राशनकार्ड बना लिया है। अब सभी को इनकम टैक्स के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा है। इनसे रिकवरी भी हो सकती है।

अलग खबर

गौरतलब है कि प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया जारी हैं। इसी के तहत वन नेशन वन कार्ड के तहत कराए गए ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड के सत्यापन में इन गड़बड़ियों का पता चला है। इसके बाद खाद्य संचालनालय ने संबंधित जिलों को निर्देश दिए हैं कि इन राशन कार्डों की फिजिकल वेरिफिकेशन कर फर्जी सदस्यों को नोटिस जारी करे। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को विशेष टीम गठित करने को कहा गया है। अधिकारियों के मुताबिक फर्जी कार्डों के माध्यम से वर्षों से उठाए गए राशन की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है। जिन राशन दुकानों या अधिकारियों की लापरवाही सामने आएगी, उनके विरुद्ध विभागीय जांच की तैयारी की जा रही है।



- आयकर के साथ ही जीएसटी और खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा
- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा राशनकार्ड बना लिया गया

### एक लाख से अधिक निष्क्रिय आधार भी

सत्यापन में एक लाख 5 हजार से अधिक निष्क्रिय आधार धारकों के नाम भी सामने आए हैं, जिन पर राशनकार्ड बने हैं। इसमें बिलासपुर में 5841, कवर्धा में 8701, जशपुर में 5681, रायपुर में हजारों निष्क्रिय पहचान से राशन उठाया जा रहा है। जांच में पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद इन राशन कार्डों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसे सभी कार्डों को ऑनलाइन ब्लॉक करना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार कार्ड ब्लॉक करने पर किसी को आपत्ति है तो वे राशन दुकानदारों या विभाग के पास आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

### तीन साल से ले रहे राशन, होगी वसूली

फर्जी राशन कार्डों को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों की पिछले दिनों बैठक लेकर कहा कि जांच के काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन के मुताबिक हजारों की संख्या में ऐसे एपीएल राशन कार्डों की भी जानकारी मिली है जो पिछले तीन साल से राशन ले रहे हैं। इनसे पूरे पैसे की वसूली होगी। अधिकारियों के मुताबिक प्रशासन के मुताबिक ऐसे वर्गों को गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य स्तर पर जारी यह आंकड़ा अब आगे पात्रता की जांच में राशनकार्ड बनेगा। जिन आपात्रों ने राशनकार्ड बनवाया है, उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है। उनसे रिकवरी भी किया जाएगा।

### बड़े भू-स्वामी भी बीपीएल में शामिल

सत्यापन के दौरान रायपुर जिले में सबसे अधिक 10,361 आयकर दाता, 123 जीएसटी पे करने वाले कारोबारी और 1,12,956 एक हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले व्यक्तियों के पास आधार कार्ड मिले हैं। इसी तरह बिलासपुर जिले में 6,074 आयकर दाता, 36 कारोबारी और 1,26,041 बड़े भू-स्वामियों ने बीपीएल कार्ड बनवा लिया है। इसके साथ ही दुर्ग जिले में 6,339 आयकर दाता, 71 कारोबारी और 79,446 भूमि स्वामी चिह्नित किए गए हैं। सरगुजा में 2,586 आयकर दाता, 11 कारोबारी और 75,277 भूमि स्वामी है। आदिवासी बहुल बस्तर जिले में 1,185 आयकर दाता, 9 कारोबारी और 57,097 भूमि स्वामी के पास आधार कार्ड दर्ज किए गए हैं।




### जांच कर होगी कार्रवाई

वन नेशन वन कार्ड के तहत ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है। इसमें कुछ गड़बड़ियों की जानकारी मिली है। विभागीय अधिकारियों को जांच करने कहा गया है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

---

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तहसीलदार के बेटे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





- जिला न्यायलय के सामने हुआ हादसा

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तहसीलदार का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अंगूठा लगाकर मोबाइल लॉक खोलने पर मृतक की पहचान हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह ने बताया कि राजनांदगांव छुरिया निवासी हनुमंत श्याम बेमेतरा में तहसीलदार है। उनका बेटा मणिन्द्रभूषण श्याम (23 साल) रामाग्रीन सिटी में किराए के मकान में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहा था। मंगलवार की सुबह 4.30 बजे अपने घर से बाइक में कुछ सामान लेने के लिए निकला था। जिला न्यायायल के सामने अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी और भाग गया। बाइक सहित युवक खून से लथपथ सड़क में पड़ा हुआ था। इस दौरान उस ओर से गुजर रहे एक व्यक्ति उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर पहुंचा। सिम्स में डाक्टर ने परिक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। उक्त व्यक्ति ने मृतक का अंगूठा लगाकर उसके मोबाइल का लॉक खोलकर डायल नम्बर में फोन किया। इसके बाद मृतक की पहचान हो पाई। सूचना पर तहसीलदार पिता शहर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौंप दिया। पिता अपने बेटे का शव अंतिम संस्कार के लिए राजनांदगांव छुरिया लेकर चले गए।

### रात भर दौड़ते हैं भारी वाहन

रात 11 बजे नो एंट्री खुलने के बाद सुबह 5 बजे नेहरू चौक से उसलापुर, सकरी मार्ग में बिल्डिंग मटेरियल सामान लेकर भारी वाहन दौड़ते है। जल्दी फेरा लगाने के फेर में भारी वाहन के चालक तेज रफ्तार से गाड़ी दौड़ाते है। रात भर शहर के अंदर भारी वाहन मौत बनकर दौड़ते रहते है। उक्त वाहनों के रफ्तार पर अंकुश लगाने कोई नहीं रहता है।

### शहर के अंदर बढ़ रहे सड़क हादसे

शहर के अंदर ट्रैफिक व्यवस्था के भगवान भरोसे होने के कारण लगातार सड़क हादसा हो रहे हैं। इससे पहले 7 फरवरी की रात तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में नाबालिग ने बीएमडब्ल्यू कार चलाते हुए बाइक सवार 2 लोगों को टक्कर मार दी थी। इसमें 5 युवक घायल हुए थे। एक दिन बाद ही 8 फरवरी को लालखदान ओवर ब्रिज में नो एंट्री में घूसकर हाइवा के चालक ने बाइक सवार महमंद निवासी विशाल साहू को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। 9 फरवरी को तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज में रायपुर निवासी राहुल श्रीवास्तव की कार को क्रेटा के चालक ने टक्कर मार दिया था। 9 फरवरी को ही तोरवा शंकर नगर बाम्बे आवास निवासी राहुल यादव को बाइक चालक ने टक्कर मार दिया था। हादसे में उसकी मौत हो गई थी।

---

# कोरबा ले जाकर प्रेमी ने युवती का गला रेता, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोरबा ले जाकर प्रेमी ने प्रेमिका का चाकू से गला रेत दिया। घायल युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

- एक सप्ताह जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष करती रही

अशोकनगर निवासी शुभम नायडू पिता बीके नायडू 28 साल का निजी बैंक में काम करने के दौरान पुराना बस स्टैण्ड कश्यप कालोनी निवासी निशा उर्फ प्रतीक्षा श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास 26 साल से प्रेम संबंध था। शुभम नायडू पहले से शादी शुदा था और एक बेटा था। जानकारी होने पर निशा उर्फ प्रतीक्षा ने उससे दूरी बना ली थी। 3 फरवरी 2026 को निशा उर्फ प्रतीक्षा वृंदावन परिसर सामान खरीदने गई थी। देर रात तक घर नहीं लौटी तो परिजन कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने युवती को फोन लगाया तो वह बात नहीं कर पा रही थी। युवती के द्वारा मोबाइल लोकेशन भेजने पर कोरबा के उरगा थाना कि पुलिस मौके पर पहुंची। निशा उर्फ प्रतीक्षा खून से लथपथ पड़ी हुई थी। उसके गले में गंभीर चोट के निशान थे। वहीं शुभम नायडू की मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक शुभम निशा को उरगा लेकर गया था और उसका गला रेतकर अपना गला भी काट लिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के द्वारा गंभीर अवस्था में युवती को सिम्स में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह तक जीवन मृत्यु के बीच संघर्ष के बाद 10 फरवरी को निशा ने दम तोड़ दिया। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई है।



इलाज के दौरान अस्पताल में मृतका।

---

# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से एक ग्रामीण की मौत हो गई । वहीं एक अन्य घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मस्तूरी कर्रा निवासी विक्रम कैवर्त्य पिता रमेश कैवर्त्य 34 साल एक अन्य व्यक्ति के साथ गांव से ट्रैक्टर में खाद लेकर जा रहा था। ग्राम पोड़ी के खार में ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद विक्रम कैवर्त्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन के द्वारा घायल दूसरे व्यक्ति को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### दो कारों में भिड़ंत एक की मौत

दो कार के बीच आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक रविन्द्र मिश्रा ने बताया कि बहतराई निवासी संतोष राय पिता कृष्ण मुरारी राय 43 साल आर्टिगा कार से जा रहे थे। बलौदा में सामने से आ रही इको कार के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दिया। हादसे में संतोष राय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल लेकर आए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है।

---

# महामाया विहार कालोनी में ओयो होटल

**बिलासपुर।** शहर में जिला न्यायालय के पीछे महामाया विहार आवासीय कालोनी के बीच एक बिल्डिंग में संचालित ओयो होटल को लेकर कालोनीवासियों में आक्रोश है। यहां के रहवासियों ने रिहायसी कालोनी के बीच संचालित ओयो होटल को बंद कराने की मांग करते हुए निगम आयुक्त को हस्ताक्षरित ज्ञापन भी सौंपा है। यह होटल और बिल्डिंग एक राजनीतिक दल से जुड़े नेता का बताया जा रहा है, इस कारण निगम भी फिलहाल कार्रवाई करने में पीछे हट रहा है।

- निगम से शिकायत कर बंद करने की मांग

शिकायत के मुताबिक वेयर हाउस रोड महामाया बिहार स्थित आवासीय ले आउट प्लाट क्रं 18 एवं 19 पर निर्मित आवासीय भवन के आदेश क्रमांक 5441/6/82/ भोपाल आदेश दिनांक 7-12-1982 द्वारा अनुमेदित आवासिय ले आउट) में पिछले कुछ माह से ओयो होटल का संचालन किया जा रहा है। कालोनी के बीचो-बीच संचालित यह ओयो होटल कालोनी के बच्चो, महिलाओं और कालोनीवासियों के लिए जी का जंजाल बनकर रह गया है। यहां सुबह से लेकर रात तक मुंह में गमछा और नकाब पहनकर युवक- युवतियों का आनाजाना लगा रहता है। जिससे इस पॉश और सभ्रांत कॉलोनी के लोगो को आवागमन के दौरान शर्मसार होना पड़ता है।

---

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित : पति समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

दहेज के नाम पर प्रताडित कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में पति समेत सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरियरा निवाासी श्रीमती जागृति श्रीवास का विवाह महेश कुमार श्रीवास निवासी नरियरा के साथ 2024 में सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के एक साल बाद दहेज के नाम पर उसे मानसिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा। इसी दौरान 8 दिसंबर पुनः जागृति श्रीवास को पति महेश श्रीवास के द्वारा मारपीट करना तथा सास-ससुर के द्वारा गाली गुप्तार करना से परेशान होकर कीटनाशक जहर सेवन कर ली थी। जिसे ईलाज के लिये सिम्स अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु होने से उसका शव पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिक दंडाधिकारी बिलासपुर से कराया गया है। पुलिस ने पति- महेश श्रीवास, सास- राजकुमारी श्रीवास एवं ससुर अशोक श्रीवास के खिलाफ धारा 80,3(5) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमांड पर गिरफ्तार कर लिया गया।




---

# ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सुरक्षा के करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सुरक्षा के कडे इंतजाम के साथ साथ सड़कों के जंक्शन पाइंट पर गति अवरोधक बनाने के निर्देश जारी किए गए है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने मंगलवार 10 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा जनसुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय सड़कों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल एवं अन्य कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने कहा। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोधक लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंनें चौक चौराहों के समीप अवैध रूप से किये गये कब्जा को हटाने एवं संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थलों पर जिगजैग मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, साइन बोर्ड लगाने, सड़क किनारे झाड़ियों की छंटाई, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग पर कार्रवाई, स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों की फिटनेस जांच तथा हाईवे किनारे ढाबों की नियमित जांच के निर्देश दिए। एसपी ने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा आमजन को नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर पेट्रोलिंग वाहन लगातार संचालित रहें तथा ओवर स्पीडिंग के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जाए।



## खबर संक्षेप

### साइबर अपराधों से बचने सतर्कता, सावधानी आवश्यक: कलेक्टर

**कोरबा।** सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, कोरबा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। एनआईसी अधिकारी हेमंत जायसवाल ने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर खतरों से बचाव तथा डिजिटल सतर्कता के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान जिला आईटी टीम द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के संबंध में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से इंटरनेट सुरक्षा, साइबर जागरूकता, डेटा गोपनीयता, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा बच्चों और संवेदनशील वर्गों की ऑनलाइन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि सेफर इंटरनेट डे हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्वभर में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट और एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

### झेरिया बरेठ धोबी समाज ने परसाखोला में किया वनभोज कार्यक्रम



**कोरबा।** झेरिया बरेठ धोबी समाज बालको के द्वारा रविवार को परसाखोला में वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संत गाडगे महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समाज के कोरबा परिक्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारी सदानंद बरेठ कोषाध्यक्ष एवं संजय निर्मलकर उपाध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया गया और सभी सामाजिक बंधु एवं नारी शक्ति का परिचय कराया गया। समाज के वरिष्ठ टी.आर बरेठ पूरन कर्ष बालको इकाई के अध्यक्ष, गिरधारी बरेठ कोषाध्यक्ष रवि शंकर बरेठ, कोरबा ईकाई के अध्यक्ष दिगंबर कर्ष, विधायक प्रतिनिधि हेमलता निर्मलकर, सत्यनारायण कर्ष संतोष कर्ष,रोशन कर्ष, राहुल कर्ष, राजकुमार बरेठ, प्रदीप निर्मलकर,भागवत बरेठ बालमुकुंद बरेठ,जगमोहन बरेठ, नारी शक्ति से चंद्रकला निर्मलकर, आराधना बरेठ,सती कर्ष,राधिका बरेठ,ममता कर्ष,नीतू कर्ष,रजनी बरेठ जयंती बरेठ,नदनी बरेठ,बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं नारी शक्ति उपस्थित रहे।

### डीएव्ही में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**कोरबा।** डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन हवन के साथ किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं,ग्यारहवीं के विद्यार्थियों सहित समस्त शैक्षणिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दी गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के खेल का आयोजन भी किया गया था। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने कहा कि कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को उनके परिश्रम, अनुशासन एवं उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास एवं परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। विदाई समारोह के अंत में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। इस कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा श्रिया रात्रे ने किया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शैक्षणिक सदस्यों और गैर शैक्षणिक सदस्यों सहित विद्यालय प्रबन्धन का विशेष योगदान रहा।

# दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को राजस्व विभाग में मिली पटवारी की नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को भू अभिलेख विभाग में पटवारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने का मामला सामने आया है। ऐसे 7 शिक्षकों के आश्रितों को बीते वर्ष 2024 में नियुक्ति दी गई है। जिसके लिए वर्ष 2019 में जारी एक सर्कुलर को आधार बताया गया है। इस प्रकरण की शिकायत जनदर्शन में कलेक्टर को करते हुए जांच की मांग की गई है।

शासन के नियमानुसार किसी शासकीय कर्मचारी के सर्विस के दौरान मृत होने पर उसके आश्रितों को नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान है। इसी प्रावधान के तहत शिक्षा विभाग में पदस्थ 7 शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन देने पर उन्हें भू अभिलेख विभाग द्वारा पटवारी पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है जिसकी शिकायत जितेंद्र कुमार साहू के द्वारा कलेक्टर को करते हुए जांच की मांग की गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 6 जनवरी 2025 को पत्र क्रमांक 12 भू अभिलेख स्थापना/अनुकंपा नियुक्ति 2025 के तहत भू अभिलेख शाखा द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के 15 अप्रैल 2024 के पत्र क्रमांक एफ-7-1/2019/1-3 का हवाला देकर आवेदकों को नियुक्ति दी गई है।

## जनदर्शन में कलेक्टर को शिकायत कर जांच की हुई मांग

**खास बातें**

- सात शिक्षकों के आश्रितों को नियुक्ति दिए जाने का मामला




**नियम के तहत हुई नियुक्ति**

शिक्षा विभाग के अनुकंपा नियुक्ति आवेदकों को पटवारी के पद पर नियुक्ति शासन के नियमों के तहत ही की गई है। शासन के नियमों का पालन किया गया है।

-अमित झा
अधीक्षक, भू अभिलेख

**शिक्षक पद के लिए टेट अनिवार्य**

किसी भी अभ्यर्थी के शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए टेट अनिवार्य किया गया है। टेट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी या आवेदक ही शिक्षक के पद के लिए पात्र माने जाएंगे। शासन से आए इस निर्देश के बाद इन अनुकंपा नियुक्ति के आवेदकों को शिक्षक के पद पर नियुक्ति नहीं दी जा सकी। यही कारण है कि इनकी नियुक्ति अन्य विभाग में की गई।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अवैध उत्खनन रोकने दिए निर्देश

# पीएम सूर्यघर योजना में नहीं हो रही प्रगति, सब इंजीनियर को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विद्युत विभाग को प्रगति लाने तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इच्छुक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं लाने वाले कटघोरा डिवीजन के चैतमा तथा कोरबा शहरी डिवीजन के दर्री जोन के सब इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने कहा।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने अवैध रेत, कोयला एवं अन्य खनिजों के उत्खनन को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन में लगे वाहनों को जब्त कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रेतघाटों के सीमांकन, सीमा चिन्हित करने, बोर्ड लगाने, वाहनों की निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को संयुक्त दल बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने कहा। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि विभाग को ग्राम पंचायतों में कृषि चौपाल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने, एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की जानकारी दर्ज करने, पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित कराने, खरीफ फसल, दलहन, तिलहन, पाम ऑयल, बागवानी की जानकारी देने तथा खाताधारक किसानों के केसीसी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि चौपाल के आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक किसानों को देने, उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा पटवारियों की ड्यूटी लगाकर राजस्व से संबंधित समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में भू-जल स्तर में गिरावट को नियंत्रित करने तथा सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत, जल संसाधन, वन सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्मित जल संरचनाओं की जानकारी जलशक्ति/जलभागीदारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इच्छुक किसानों को चिन्हित कर डबरी निर्माण की स्वीकृति देने, बिल्डरों की कॉलोनी एवं पीएम आवास आदि में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पीट निर्माण को बढ़ावा देने तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन जनशिकायत, मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित पत्रों का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए और संबंधित पक्ष को सूचित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आयुष्मान, वयोवंदन कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ ही पर्याप्त चिकित्सकीय अमला की ड्यूटी लगाई जाए तथा सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज, हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए।

## रात में घूमना, अड्डेबाजी एवं झुंड में एकत्रित संदिग्धों पर कार्रवाई



कार्रवाई के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

इसी कड़ी में रात्रि के समय सार्वजनिक स्थलों पर बेवजह घूमने, अड्डेबाजी करने एवं झुंड में एकत्रित होकर संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक धारा 128 बीएनएसएस के तहत कुल 20 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही का उद्देश्य रात्रिकालीन समय में शांति व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक एवं संदिग्ध तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। भविष्य में भी रात्रि गश्त, निगरानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही इसी प्रकार निरंतर एवं सघन रूप से जारी रखी जाएगी।

## बैठक में प्रबंधन ने कामगारों से की हड़ताल में शामिल नहीं होने की अपील



बैठक में संकल्प लेते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल संचालन समिति की बैठक में श्रमिक संगठनों द्वारा 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल में भाग न लेने और कोयला उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखने की अपील की गई है। बैठक में कंपनी के उत्पादन और उत्पादकता के बारे में भी जानकारी दी गई।

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन की अध्यक्षता में एसईसीएल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। श्रम संगठनों द्वारा 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के संबंध में इस बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी) योजना परियोजना रमेश चन्द्र महापात्र तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि के तौर नाथूलाल पांडेय (एचएमएस), सुजीत सिंह (बीएमएस), अजय विश्वकर्मा (एटक), गोपाल नारायण सिंह (एसईकेएमसी), वीएम मनोहर (सीटू) एवं एके खुल्लर (सीएमओएआई) आदि उपस्थित रहे। बैठक में प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से देश के विभिन्न श्रम संगठनों द्वारा 12 फरवरी को बुलाई गई हड़ताल में भाग ना लेने एवं कोयला उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में एक प्रस्तुति के माध्यम से कंपनी की उत्पादन एवं उत्पादकता के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रत्येक नागरिक भारत माता की संतान : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



उद्योग मंत्री का सम्मान करते समिति के सदस्य।

**खास बात**

- आयोजित हुआ भारत माता पूजन महोत्सव

भारत माता की पूजा केवल एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि यह हमारे जीवन का दैनिक संस्कार होना चाहिए। अमर शहीदों के बलिदान के कारण ही आज देश का हर नागरिक स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहा है। भारत एक विकासशील राष्ट्र है और यहां का प्रत्येक नागरिक भारत माता की संतान है। देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना हम सभी का दायित्व है। प्रत्येक नागरिक के भारत माता पूजनीय है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में भारत माता पूजन महोत्सव के दौरान कही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजू देवी राजपूत, डा पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रतिष्ठित व्यवसाई गोपाल शर्मा उपस्थित रहीं। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती के विद्या उपाध्यक्ष एवं मध्य क्षेत्र संयोजक ठाकुर जुड़ावन सिंह ने की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के भिलाई से आए प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं लोक वाद्य संग्राहक रिखी राम क्षत्रिय की अद्भुत प्रस्तुति रही। उनकी लोक वाद्ययंत्रों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान रिखी राम क्षत्रिय को लोक रंगमंच और लोक शिल्प के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। उल्लेखनीय है कि वे पिछले 45 वर्षों से लोक वाद्ययंत्रों और लोक संस्कृति के संरक्षण में निरंतर सक्रिय हैं। उन्होंने देशभर से 200 से अधिक दुर्लभ पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों का संग्रह किया है, जिन्हें भिलाई स्थित अपने निजी संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल शर्मा, डॉ. गोपाल बन गोस्वामी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, संस्कार भारती के पदाधिकारी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चार आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश सौ लीटर महुआ लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रही है। दीपिका पुलिस ने इस अभियान के तहत चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से सौ लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। दीपका थाना प्रभारी प्रेम कुमार साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लोटना केराकछार और आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी श्री साहू ने दलबल सहित लोटानपारा केराकछार निवासी सूरज धनुहार पिता मंगल धनुहार उम्र 19 वर्ष, ढुरेना निवासी विक्रम धनुहर पिता रतन धनुहार उम्र 27 वर्ष, सिरकीखुर्द निवासी प्रीति मारकाम पिता रामनारायण उम्र 25 वर्ष एवं ढुरेना निवासी अंताबाई पति स्व फिरतूराम के घर पुलिस की टीम ने दबिश दी जहां आरोपियों के कब्जे से सौ लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में इस तरह के कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## लायंस क्लक कटघोरा छुरी का चार्टर नाइट का आयोजन

# हर व्यक्ति को करनी चाहिए समाज सेवा : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सभा को संबोधित करते क्लब के अध्यक्ष एवं अन्य।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा मुरली होटल कटघोरा के सभागार में क्लब के चार्टर नाइट का आयोजन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के द्वारा किया गया सर्वप्रथम क्लब के सदस्यों के द्वारा सभी मंचस्थ अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। ततपश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि जिस प्रकार से हर व्यक्ति हर साल अपना जन्मदिन मनाता है ठीक उसी प्रकार से 2017-18 में कटघोरा क्लब चार्टर हुआ था तब से उस दिन को क्लब जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है ततपश्चात सचिव प्रकाश अग्रवाल के द्वारा क्लब के द्वारा 1 जुलाई 2025 से आज तक किये सेवा कार्यो की जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि क्लब शुरू से ही नगर के साथ ही आसपास के गांव में भी जाकर सामाजिक सेवा गतिविधियों को अंजाम दिया जाता रहा है। जिसके लिए कटघोरा क्लब शुरू से ही पूरे डिस्ट्रिक्ट में अपनी एक अलग पहचान बनाई हुए हैं। ततपश्चात सभी मंचस्थ अतिथियों के द्वारा क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि ला राजेन्द्र तिवारी, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान रीजन चेयरमैन कैलाशनाथ गुप्ता के द्वारा लायन्स क्लब कटघोरा छुरी परिवार में 2 नए सदस्य आयुष मित्तल व विशेष मित्तल को विधिवत शपथ दिलाते हुए क्लब में प्रवेश कराया। इस अवसर पर जमनीपाली क्लब से महेश अग्रवाल कोरबा गुरुकुल क्लब से दर्शन अग्रवाल के साथ डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, अजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, राकेश पाण्डेय, राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, डा गोपाल गोस्वामी, मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, मुकेश मोटवानी, रवि दत्ता, राकेश शर्मा, विशाल बंसल, सुधीर पाण्डेय, आयुष मित्तल, विशेष मित्तल सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ ला अजय धनोंदिया व आभार कोषाध्यक्ष राकेश गोयल के द्वारा किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411